राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

मौलिक कर्त्तव्य ही गांधी जी के विचार हैं
— राज्यपाल

जयपुर, 15 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 51 क में उल्लेखित मूल कर्त्तव्य ही गांधी जी के विचार हैं। उन्होंने कहा कि मूल कर्त्तव्यों के अनुरूप कार्य करके हम राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा सकते हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र बुधवार को यहां होटल क्लार्क्स में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती और क्लार्क्स ग्रुप के फाउंडर बाबू ब्रजपाल दास की जयंती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उपस्थित जयपुर शहर के 30 विद्यालयों के लगभग एक हजार बच्चों को राज्यपाल ने संविधान की उद्देशिका और मूल कर्त्तव्यों का वाचन करवाया।

राज्यपाल ने कहा कि गांधी जी में भारतीयता के प्रति दृढ़ भावना थी। उनका दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम था। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी साहसी और वीर पुरूष थे। गांधी जी का आभूषण अंहिसा था। श्री मिश्र ने कहा कि सिद्वांत विहिन राजनीति, नैतिकता विहिन कार्य, चरित्र विहिन जीवन और मानवता विहिन विज्ञान पाप होते है। राज्यपाल ने कहा कि बाबू ब्रजपाल दास की सामाजिक, पारिवारिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महती भूमिका थी। वे प्रेरणा के केन्द्र बिंदु है।

समारोह को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सुपौत्र श्री राज मोहन गांधी ने सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी निडर थे। वे अंहिसा के पुजारी थे। जेल जाने और गोली खाने के लिए वे सदैव तैयार रहते थे। गांधी जी किसी से कम या ज्यादा नही थे और न ही वे किसी से ऊंचे और न ही वे किसी से नीचे थे। भारतीय स्वतत्रंता संग्राम का नेतृत्व गांधी जी ने ही किया था। उन्होंने सदैव दोस्ती फैलाई और नफरत को हटाने का काम किया।

समारोह में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने डॉ. जैक रीस, दीपक कालरा, फैथ सिंह, धर्मेन्द्र कंवर और डॉ. शमशेर चन्द्र भण्डारी को शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर क्लार्क्स के श्री अपूर्व कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिकगण मौजूद थे।

राजभवन में पौष बडे का आयोजन – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन में पौष बडे का आयोजन करवाया। श्री मिश्र ने राजभवन के मंदिर में पूजा अर्चना कर पौष–बडे का भोग लगाया। राज्यपाल श्री मिश्र ने कर्मचारियों के साथ पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र, पर्यटन मंत्री श्री विश्वेन्द्र सिंह, जनप्रतिनिधिगण, प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित राजभवन के अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद थे।

जलयोद्धा वाहिनी को रवाना करेंगे राज्यपाल – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शुक्रवार 17 जनवरी को राजभवन से जलयोद्धा वाहिनी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। रीजनल आउटरीच ब्यूरो जयपुर द्वारा राजस्थान के विभिन्न जिलों में जल संरक्षण के प्रति जनचेतना फैलाने के उद्देश्य से जलयोद्धा वाहिनी के माध्यम से प्रचार–प्रसार का कार्य किया जा रहा है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान